18 अप्रैल 2013

जिला प्रशासन का गांव अटैला (खण्ड सीवन) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।

उपलब्धियां

1. इंदिरा प्रियदर्शिनी विवाह शगुन योजना के तहत 7 लाभार्थियों को 2 लाख 30 हजार रूपए उनके खातों में हस्तांतरित किए गए।

2. उपमंडलाधीश कार्यालय द्वारा 53 लर्नर ड्राइविंग लाईसैंस बनाए गए।

3. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 15 डुप्लीकेट राशन कार्ड जारी किए गए।

4. जिला प्रशासन के जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव के 179 पानी के कनैक्शन नियमित किए गए।

5. आधार कार्ड हेतु गांव के 100 व्यक्तियों के आवेदन प्राप्त किए गए।

6. विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा 37 व्यक्तियों को कानूनी जानकारी दी गई।

7. जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा लर्नर ड्राईविंग लाइसैंस के लिए 76 व्यक्यिों का मैडिकल चैक अप किया गया।

8. पशुपालन विभाग द्वारा 306 पशुओं का उपचार किया गया।

9. निर्वाचन कार्यालय द्वारा 35 नए वोट बनाए गए तथा 40 मतदाता पहचान पत्रों में त्रुटियों को ठीक किया गया।

10. जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा 46 वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पैंशन फार्म स्वीकृत किए गए।

11. चीका स्थित गुरू गोबिंद सिंह राजकीय बहुतकनीकी संस्थान तथा कैथल स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 88 बच्चों को तकनीकी शिक्षा व करियर काउंसलिंग की जानकारी दी।

12. बागवानी एवं कृषि विभाग द्वारा 60 से ज्यादा व्यक्तयों को जानकारी दी गई।

13. स्वास्थय विभाग द्वारा दिनभर लगाए गए स्वास्थय शिविर में तैनात चिकित्सों द्वारा 447 लोगों का उपचार किया गया, जिनमें से 207 सामान्य ओपीडी तथा 67 व्यक्तियों के दांतों की जांच की गई। इसके अतिरिक्त 23 व्यक्तियों की ब्लड शुगर, 39 व्यक्तियों का एचआईवी तथा 33 व्यक्तियों का हिमोग्लोबीन टैस्ट किया गया। वृद्धावस्था पैंशन भत्ता के लिए 76 व्यक्तियों की जाच की गई तथा 16 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया। विभाग द्वारा 2 जन्म एवं 1 मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया।

14. श्री ओमप्रकाश जिंदल ग्रामीण जन कल्याण संस्थान द्वारा 187 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाईंया वितरित की गईं।

15. श्री ओमप्रकाश जिंदल ग्रामीण जन कल्याण संस्थान द्वारा 10वीं कक्षा मैरिट प्राप्त करने वाले रवि को 1100 रूपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने की घोषणा की गई।